the disposal of the Maharashtra Government by the Central Government for the development of Ambar Charkha during 1960-61?

The Minister of Industry (Shri Manubhai Shah): A sum of Rs. 17,07900 has been tentatively allocated for the State Khadi & Village Industries Board for the implementation of the Ambar Charkha Programme during that year.

सिक्किम में रेडियो स्टेशन

१६. { **श्री भक्त दर्शन :**
श्री वी० चं० शर्मा :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री २५ अगस्त, १९६० के तारांकित प्रश्न संख्या ७८१ के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि सिक्किम में रेडियो स्टेशन की स्थापना के संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (डा० केसकर) : इस बात की अभी खोज की जा रही है कि सिक्किम और उसके पास के पहाड़ी इलाकों के लिये रेडियो स्टेशन कहां स्थापित किया जाय ऐसी आशा की जाती है कि जगह का निर्णय अन्तिम रूप से इस महीने के अन्त तक हो जायेगा ।

औषधि का कारखाना

२०. { **श्री भक्त दर्शन :**
श्री वी० चं० शर्मा :
श्री कोडियान :
श्री विश्वनाथ रेड्डी :

क्या **वाणिज्य तथा उद्योग** मंत्री ४ अगस्त, १९६० के तारांकित प्रश्न संख्या १५५ के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि औषधि का कारखाना खोलने तथा औषधियों के पौधे उगाने के औषधीय फार्म स्थापित करने की प्रत्येक योजना के बारे में इस बीच क्या प्रगति हुई है ?

उद्योग मंत्री (श्री मनुभाई शाह) : औषधि के कारखाने—मास्को के मेसर्स टेक्नो-एक्सपोर्ट के साथ जून, १९६० में की गई संविदाओं के अनुसार कीटाणुनाशक एवं संश्लेषित औषधियों, शल्प चिकित्सा के औजारों तथा वनस्पति रसायन जैसी औषधियां बनाने की चार प्रायोजनाओं के बारे में विस्तृत प्रायोजना रिपोर्ट अप्रैल-जून, १९६१ तक मिल जाने की आशा है ।

औषधीय फार्म—जिन राज्य सरकारों से औषधियों में काम आने वाले पौधों की खेती करने की सम्भावनाओं का पता लगाने तथा उनकी खेती जल्दी से जल्दी कब तक शुरू करने और आवश्यक मात्रा में उनको उपलब्ध कराने की तारीख बताने के बारे में निवेदन किया गया था, उनमें से कुछ के पास से जो सामग्री प्राप्त हुई वह वनस्पति रसायन की उप-समिति के सामने विचार करने के लिये रख दी गई है । अन्य राज्य सरकारों से सामग्री प्राप्त होने की अभी प्रतीक्षा है ।

तिब्बती शरणार्थी

२१. { **श्री भक्त दर्शन :**
श्री प्र० गं० देव :
श्री हरिश्चन्द्र माथुर :
श्री प्र० के० देव :
श्री अजित सिंह सरहदी :
श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी :
श्री हेम राज :
श्री वोडयार :
श्री खीमजी :
श्री रघुनाथ सिंह :
श्री डामर :
श्री मधुसूदन राव :
श्री कोरटकर :
डा० राम सुभग सिंह :

क्या **प्रधान मंत्री** एक ऐसा विवरण रखने की कृपा करेंगे जिसमें निम्नलिखित बातें बताई गई हों :

(क) १ जून, १९६० से अब तक